# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING
## Himachal Pradesh

SCERT Complex Rabon
Solan-173211 (H.P.)

Tel.: 01792-228135
Fax: 01792-228135

संख्या:- शिक्षा– एससीईआरटी/जलपान/2024- 4532 दिनांक: 23/02/2026

## निविदा सूचना

**निविदा आवेदन की अंतिम तिथि**
**16-03-2026(प्रात: 11:00 बजे)**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (SCERT), सोलन, हिमाचल प्रदेश में कैन्टीन संचालन हेतु मोहरबंद लिफाफों में अनुभवी व्यवसायिक प्रबंधकों/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता के पास इस क्षेत्र में कार्य करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।निविदा दिनांक**16/03/2026 को प्रात: 11:00 बजे तक** प्राचार्य, एस.सी.ई.आर.टी., सोलन के कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाएं किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी।पूर्व-अर्हता (तकनीकी) बोलियां दिनांक**16/03/2026 को अपराह्न 2:30 बजे** प्राचार्य, एस.सी.ई.आर.टी., सोलन के कार्यालय में एस.सी.ई.आर.टी. स्तर पर गठित समिति द्वारा खोली जाएंगी।लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से "BID FOR PROVIDING CANTEEN SERVICES AT THE SCERT SOLAN (H.P.)" अंकित किया जाना आवश्यक होगा।टेंडर के साथ ₹500/- (रुपये पाँच सौ मात्र) की **अपरिवर्तनीय (Non-Refundable) निविदा शुल्क** एवं Earnest Money Deposit (EMD)₹25,000/- (रुपये पच्चीस हजार मात्र) का अलग-अलग बैंक ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, एस.सी.ई.आर.टी., सोलन के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।नियम एवं शर्तें एस.सी.ई.आर.टी. कार्यालय से अथवा आधिकारिक वेबसाइट himachalservices.nic.in/scert से प्राप्त की जा सकती हैं।

प्राचार्य
एस.सी.ई.आर.टी.
सोलन (हिमाचल प्रदेश)
Principal
S.C.E.R.T. Solan (H.P.)

पृष्ठाकन संख्या. सम दिनांक सोलन
प्रति:-

1. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग हि0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि टैन्डर नोटिस का प्रकाशन हिन्दी व अंग्रेजी समाचार पत्रों में करने की कृपा करे।
2. सार्वजनिक स्थान, नगर निगम कार्यालयसूचनापट्ट, जिलाधीश कार्यालय सूचना पट्ट।
3. कार्यालय / रक्षक नस्ति।

प्राचार्य
एस.सी.ई.आर.टी.,
सोलन (हिमाचल प्रदेश)
Principal
S.C.E.R.T. Solan (H.P.)

SCERT Complex Rabon
Solan-173211 (H.P.)

Tel.: 01792-228135
Fax: 01792-228135

## निविदा प्रस्तुत करने हेतु दिशा-निर्देश (Guidelines for Submission of Tender)

1. निविदा प्रपत्र भरने से पूर्व सभी नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ना अनिवार्य होगा। निविदा प्रस्तुत करना इस बात का प्रमाण माना जाएगा कि निविदादाता ने सभी शर्तों को समझकर स्वीकार कर लिया है।अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण अथवा शर्तों के विपरीत पाई गई निविदाएं बिना किसी सूचना के अस्वीकार की जा सकती हैं।
2. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व परिशिष्ट-A में दिए गए चेक-लिस्ट के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेजों का संलग्न होना अनिवार्य होगा। किसी भी आवश्यक दस्तावेज के अभाव में निविदा तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित की जाएगी ।
3. निविदा को केवल निर्धारित प्रारूप एवं निर्देशों के अनुरूप ही भरा एवं प्रस्तुत किया जाएगा। निर्धारित प्रारूप से भिन्न अथवा अपूर्ण विवरण वाली निविदा को अस्वीकार किया जाएगा।
4. ऐसी कोई भी निविदा जिसमें अतिरिक्त शर्तें, अपवाद अथवा संशोधन प्रस्तावित किए गए हों, स्वीकार नहीं की जाएगी।
5. निविदा प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की सिफारिश, दबाव अथवा अनुनय को निविदा निरस्तीकरण का आधार माना जाएगा।
6. निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर एवं आधिकारिक मुहर (यदि लागू हो)लगाना अनिवार्य होगा। हस्ताक्षरकर्ता अपना नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखे तथा यह भी दर्शाए कि वह किस क्षमता में हस्ताक्षर कर रहा है (स्वामी/अधिकृत प्रतिनिधि आदि)।
7. टेंडर प्रपत्र प्राप्त करने हेतु ₹500/- (रुपये पाँच सौ मात्र) कीअपरिवर्तनीय (Non-Refundable) निविदा शुल्कडिमांड ड्राफ्ट के रूप में, जो "प्राचार्य, एस.सी.ई.आर.टी., सोलन" के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना निविदा शुल्क के प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी।
8. प्रत्येक निविदादाता को ₹25,000/- (रुपये पच्चीस हजार मात्र) की Earnest Money Deposit (EMD) Demand Draft के रूप में "The Principal, SCERT Solan" के पक्ष में, सोलन में देय, संलग्न करनी होगी। बिना EMD के प्राप्त निविदा सीधे अस्वीकार कर दी जाएगी।
9. EMD को पूर्व-अर्हता बोली के साथ सीलबंद लिफाफे में संलग्न करना अनिवार्य होगा। EMD का अभाव या त्रुटिपूर्ण विवरण निविदा को अयोग्य घोषित किया जाएगा।
10. असफल निविदाकारों की EMD, सफल निविदादाता को अनुबंध प्रदान किए जाने की तिथि से एक माह के भीतर, बिना ब्याज के वापस कर दी जाएगी।
11. सफल निविदादाता को ₹25,000/- की Performance Security बैंक गारंटी या FDR के रूप में जमा करनी होगी, जो अनुबंध अवधि तक वैध रहेगी। अनुबंध की संतोषजनक पूर्णता पर यह राशि बिना ब्याज लौटाई जाएगी।
12. निविदाएं दो भागों में प्रस्तुत की जाएंगी:

(i) पूर्व-अर्हता/तकनीकी बोली (परिशिष्ट-A अनुसार)

(ii) वित्तीय बोली (परिशिष्ट-B अनुसार)

13. वित्तीय बोली केवल परिशिष्ट-B में निर्दिष्ट प्रारूप में ही प्रस्तुत की जाएगी। अन्य किसी रूप या अतिरिक्त प्रारूप में प्रस्तुत वित्तीय प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

14. दोनों बोलियां पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में होंगी, जिन पर संबंधित शीर्षक अंकित होगा:-

(i) **सीलबंद पूर्व-अर्हता/ तकनीकि बोली:** (परिशिष्ट-A के अनुसार) **₹500/- (रुपये पाँच सौ मात्र)** कीअपरिवर्तनीय (Non-Refundable) निविदा शुल्क एवं**₹25,000/- (केवल पच्चीस हजार रुपये)** का डिमांड ड्राफ्ट, जो “The Principal, SCERT Solan” के पक्ष में, सोलन में देय, EMD के रूप में हो, संलग्न कर एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए। लिफाफे पर अंकित हो:“PRE-QUALIFICATION/TECNICAL BID FOR PROVIDING CANTEEN SERVICES AT THE SCERT SOLAN (H.P.)”

(ii) **सीलबंद वित्तीय बोली:** (परिशिष्ट-B के अनुसार) अलग लिफाफे में प्रस्तुत की जाए, जिस पर अंकित हो:“FINANCIAL BID FOR PROVIDING CANTEEN SERVICES AT THE SCERT SOLAN (H.P.)”

15. दोनों लिफाफों पर निविदादाता का नाम, पूर्ण डाक पता एवं संपर्क विवरण स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

16. उपरोक्त दोनों सीलबंद लिफाफों को एक बड़े बाहरी लिफाफे में रखकर उस पर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा: “BID FOR PROVIDING CANTEEN SERVICES AT THE SCERT SOLAN (H.P.)”

17. निविदा दिनांक 16/03/2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्राचार्य, SCERT सोलन के कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी।

18. पूर्व-अर्हता बोलियां 16/03/2026 को अपराह्न 2:30 बजे प्राचार्य, SCERT सोलन के कार्यालय में खोली जाएंगी।

19. केवल वे निविदाएं जो तकनीकी रूप से योग्य पाई जाएंगी, उनकी वित्तीय बोलियां खोली जाएंगी।

20. वित्तीय बोली एवं EMD, पूर्व-अर्हता बोली खोलने की तिथि से न्यूनतम तीन माह तक वैध रहेंगी।

21. प्राचार्य, SCERT सोलन को पूर्व-अर्हता बोलियां खोलने से पूर्व निविदा शर्तों में संशोधन/परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

22. प्राचार्य को निविदादाता के पूर्व अथवा वर्तमान ग्राहकों से अभिमत (Feedback) प्राप्त करने का अधिकार होगा। प्राप्त अभिमत के आधार पर लिया गया निर्णय अंतिम एवं सभी निविदाकारों पर सर्वमान्य होगा।

**सामान्य नियम एवं शर्तें (General Terms & Conditions)**

1. निविदा प्रपत्र भरने से पूर्व सभी नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ना अनिवार्य होगा। अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण अथवा शर्तों के विपरीत पाई गई निविदाएं बिना किसी सूचना के अस्वीकार की जा सकती हैं।
2. यह अनुबंध 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगा। यदि अनुबंध अवधि के दौरान ठेकेदार द्वारा कैन्टीन सेवाएं संतोषजनक पाई जाती हैं तथा सभी शर्तों का विधिवत पालन किया जाता है, तो प्राचार्य द्वारा इसे आगामी एक वर्ष के लिए समान शर्तों पर बढ़ाया जा सकता है।
3. कैन्टीन संचालन हेतु आवश्यक सभी सरकारी लाइसेंस, पंजीकरण एवं अनुमतियां प्राप्त करना तथा उनका समय-समय पर नवीनीकरण कराना ठेकेदार की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।
4. ठेकेदार को प्रति माह ₹5,000/- (रुपये पांच हजार मात्र) का किराया प्रत्येक माह की 7 तारीख से पूर्व SCERT कार्यालय में जमा कराना होगा।
5. अनुबंध अवधि के दौरान खाद्य पदार्थों की स्वीकृत दरों में वृद्धि की अनुमति नहीं होगी।
6. किसी विवाद अथवा प्रशासनिक कारण से भुगतान में विलंब होने पर SCERT द्वारा किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
7. ठेकेदार सभी लागू श्रम कानूनों, न्यूनतम वेतन अधिनियम, ईपीएफ, ईएसआई, बाल श्रम निषेध अधिनियम आदि का पूर्ण पालन करेगा।
8. कैन्टीन में नियुक्त सभी कर्मचारी ठेकेदार के ही कर्मचारी होंगे। उन्हें SCERT से किसी प्रकार के वेतन, सेवा लाभ या स्थायी रोजगार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा।
9. सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कर प्रमाण-पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कर्मचारी शारीरिक रूप से स्वस्थ हों तथा किसी संक्रामक रोग से ग्रसित न हों।
10. कर्मचारियों से संबंधित किसी भी दुर्घटना, चोट या मृत्यु की स्थिति में समस्त कानूनी एवं वित्तीय उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा। SCERT इस संबंध में उत्तरदायी नहीं होगा।
11. ठेकेदार कर्मचारियों में अनुशासन बनाए रखेगा। असंतोषजनक पाए गए कर्मचारी को 48 घंटे के भीतर बदलना अनिवार्य होगा।
12. कैन्टीन संचालन का कार्य किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को उप-ठेके पर देना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।
13. कैन्टीन संचालन हेतु आवश्यक सभी बर्तन, गैस, स्टोव, एवं अन्य उपकरण ठेकेदार स्वयं उपलब्ध कराएगा। उनकी सुरक्षा, रख-रखाव एवं गुणवत्ता बनाए रखना भी उसी की जिम्मेदारी होगी।
14. परिषद द्वारा केवल फ़र्नीचर उपलब्ध करवाया जाएगा।
15. पानी एवं बिजली के बिलों का भुगतान ठेकेदार द्वारा ही किया जाएगा।

(i) पूर्व-अर्हता/तकनीकी बोली (परिशिष्ट-A अनुसार)

(ii) वित्तीय बोली (परिशिष्ट-B अनुसार)

13. वित्तीय बोली केवल परिशिष्ट-B में निर्दिष्ट प्रारूप में ही प्रस्तुत की जाएगी। अन्य किसी रूप या अतिरिक्त प्रारूप में प्रस्तुत वित्तीय प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

14. दोनों बोलियां पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में होंगी, जिन पर संबंधित शीर्षक अंकित होगा:-

(i) **सीलबंद पूर्व-अर्हता/ तकनीकि बोली:** (परिशिष्ट-A के अनुसार) **₹500/- (रुपये पाँच सौ मात्र)** कीअपरिवर्तनीय (Non-Refundable) निविदा शुल्क एवं**₹25,000/- (केवल पच्चीस हजार रुपये)** का डिमांड ड्राफ्ट, जो "The Principal, SCERT Solan" के पक्ष में, सोलन में देय, EMD के रूप में हो, संलग्न कर एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए। लिफाफे पर अंकित हो:"PRE-QUALIFICATION/TECNICAL BID FOR PROVIDING CANTEEN SERVICES AT THE SCERT SOLAN (H.P.)"

(ii) **सीलबंद वित्तीय बोली:** (परिशिष्ट-B के अनुसार) अलग लिफाफे में प्रस्तुत की जाए, जिस पर अंकित हो:"FINANCIAL BID FOR PROVIDING CANTEEN SERVICES AT THE SCERT SOLAN (H.P.)"

15. दोनों लिफाफों पर निविदादाता का नाम, पूर्ण डाक पता एवं संपर्क विवरण स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

16. उपरोक्त दोनों सीलबंद लिफाफों को एक बड़े बाहरी लिफाफे में रखकर उस पर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा: "BID FOR PROVIDING CANTEEN SERVICES AT THE SCERT SOLAN (H.P.)"

17. निविदा दिनांक 16/03/2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्राचार्य, SCERT सोलन के कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी।

18. पूर्व-अर्हता बोलियां 16/03/2026 को अपराह्न 2:30 बजे प्राचार्य, SCERT सोलन के कार्यालय में खोली जाएंगी।

19. केवल वे निविदाएं जो तकनीकी रूप से योग्य पाई जाएंगी, उनकी वित्तीय बोलियां खोली जाएंगी।

20. वित्तीय बोली एवं EMD, पूर्व-अर्हता बोली खोलने की तिथि से न्यूनतम तीन माह तक वैध रहेंगी।

21. प्राचार्य, SCERT सोलन को पूर्व-अर्हता बोलियां खोलने से पूर्व निविदा शर्तों में संशोधन/परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

22. प्राचार्य को निविदादाता के पूर्व अथवा वर्तमान ग्राहकों से अभिमत (Feedback) प्राप्त करने का अधिकार होगा। प्राप्त अभिमत के आधार पर लिया गया निर्णय अंतिम एवं सभी निविदाकारों पर सर्वमान्य होगा।

16. यदि बिजली/पानी का बिल समय पर जमा नहीं किया जाता है, तो प्राचार्य SCERT को ठेकेदार की देय राशि में से बिल की कटौती करने का अधिकार होगा।
17. पानी की आपूर्ति बाधित होने पर ठेकेदार वैकल्पिक जल व्यवस्था स्वयं करेगा, ताकि कैन्टीन सेवा बाधित न हो।
18. कैन्टीन का संचालन प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक किया जाएगा।
19. जब प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित नहीं हो रहे हों, तब डाइनिंग हॉल खुला रखा जाएगा अथवा उसकी चाबी कार्यालय में जमा कराई जाएगी।
20. ठेकेदार अथवा उसका अधिकृत प्रतिनिधि संचालन के दौरान उपलब्ध रहेगा, जिससे निरीक्षण अथवा समन्वय में कोई बाधा न हो।
21. कैन्टीन परिसर तथा रसोईघर की प्रतिदिन समुचित सफाई, स्वच्छता बनाए रखना तथा कचरे का उचित निपटान करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।
22. कच्चा माल उच्च गुणवत्ता का तथा मानव उपभोग हेतु सुरक्षित होना चाहिए। किसी भी प्रकार की खाद्य विषाक्तता अथवा मिलावट पाए जाने पर पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।
23. भोजन बफे प्रणाली से वितरित किया जाएगा तथा भोजन एवं चाय का वितरण ठेकेदार अथवा उसके कर्मचारियों द्वारा ही किया जाएगा।
24. भोजन की गुणवत्ता को जांचने के लिए यादृच्छित नमूने (random samples) जिला स्वास्थ्य अधिकारी सोलन को भेजना कैन्टीन ठेकेदार का कर्तव्य होगा| स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग अथवा SCERT स्टाफ द्वारा औचक निरीक्षण किया जा सकता है।
25. भोजन स्वच्छ बर्तनों में परोसा जाएगा तथा कर्मचारी स्वच्छ व निर्धारित वेशभूषा में रहेंगे।
26. कीट-नियंत्रण उपाय तथा आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था ठेकेदार द्वारा अपने व्यय पर सुनिश्चित की जाएगी।
27. कैन्टीन परिसर में शराब, सिगरेट, तंबाकू, गुटका, बीड़ी अथवा किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का संग्रहण, विक्रय या सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
28. कैन्टीन परिसर में अनाधिकृत बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
29. SCERT की किसी भी संपत्ति को ठेकेदार या उसके कर्मचारियों द्वारा क्षति पहुंचाए जाने पर उसकी मुरम्मत/प्रतिस्थापन का व्यय ठेकेदार वहन करेगा।
30. कैन्टीन क्षेत्र में आग अथवा अन्य दुर्घटना की स्थिति में SCERT/प्राचार्य उत्तरदायी नहीं होंगे।
31. किसी भी विवाद को निपटाने का अधिकार SCERT कार्यालय स्तर पर गठित होस्टल प्रबन्धन समिति को होगा ।
32. SCERT कार्यालय स्तर पर गठित समिति के निर्णय के विरूद्ध अपील प्राचार्य, SCERT को की जा सकेगी तथा प्राचार्य द्वारा दिया गया निर्णय अन्तिम तथा सभी को मान्य होगा ।
33. किसी भी न्यायिक वाद का निपटारा सोलन क्षेत्राधिकार के न्यायालयों में ही होगा।
34. सेवा/गुणवत्ता असंतोषजनक पाए जाने पर 24 घंटे का सुधार नोटिस दिया जाएगा।

*परिशिष्ट-A*

**SCERT, सोलन में कैन्टीन सेवाएं प्रदान करने करने के लिए पूर्व-अर्हता/तकनीकी बोली हेतु आवश्यक दस्तावेज**

| क्रम संख्या | दस्तावेज़ का नाम | संलग्न है / नहीं |
|---|---|---|
| **1** | ₹500/- (रुपये पाँच सौ मात्र) की**अपरिवर्तनीय (Non-Refundable) निविदा शुल्क**डिमांड ड्राफ्ट के रूप में | |
| **2** | ₹25,000/- (रुपये पच्चीस हजार मात्र) की Earnest Money Deposit (EMD) Demand Draft के रूप में "The Principal, SCERT Solan" के पक्ष में, सोलन में देय | |
| **3** | पैन कार्ड / आधारकार्ड | |
| **4** | जीएसटी पंजीकरण | |
| **5** | ईपीएफ पंजीकरण | |
| **6** | खाद्य सुरक्षा पंजीकरण (FSSAI) | |
| **7** | परिशिष्ट –सी के अनुसार कार्य निष्पादन प्रमाण पत्र | |
| **8** | निविदादाता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित निविदा दस्तावेज़ के सभी पृष्ठ | |
| **9** | फोटो ( तीन पासपोर्ट साइज की) | |

निविदादाता के हस्ताक्षर एवं स्टाम्प

Principal
S.C.E.R.T. Solan (H.P.)
प्राचार्य
एस.सी.ई.आर.टी.,
सोलन (हिमाचल प्रदेश)

परिशिष्ट-B

# सूची कैन्टीन एससीईआरटी सोलन हि0प्र0 2026-27

| दिन | वस्तु का नाम | प्रस्तावित वित्तीय दर |
|---|---|---|
| प्रतिदिन | बैड टी (चाय) By Candidates | |
| | चाय – 2 (time) प्रशिक्षण समय बिस्कुट नमकीन एवं मीठे / कुकीज | |
| | **प्रातराश: / नाश्ता ( Break Fast )** | |
| सोमवार | आलू परांठा-2, अचार, मक्खन, चाय | |
| मंगलवार | चना भटूरा-2, अचार, चाय | |
| बुधवार | परांठा-2 मक्खन अचार, दही,चाय | |
| वीरवार | पूरीभाजी-4 , अचार,चाय | |
| शुक्रवार | स्टफ परांठा-2 अचार, मक्खनचाय | |
| शनिवार | ब्रैड पकौडा,/ आलूपूरी, अचार, चाय | |
| रविवार | चना भटूरा-2, अचार , चाय | |
| | **मध्याहन भोजन ( Lunch)** | |
| सोमवार | चावल, चपाती,कड़ी पकौड़ा, मिक्स सब्जी, सलाद,हलवा | |
| मंगलवार | चावल, चपाती,काबुली चना, सब्जी, रायता ,सलाद, खीर | |
| बुधवार | चावल, चपाती, पनीर, दाल मखनी, सलाद,रायता, सेंवियां | |
| वीरवार | चावल, चपाती,काला चना, सब्जी, सलाद, रायता, दलिया | |
| शुक्रवार | चावल, चपाती,राजमाह, सब्जी, सलाद, रायता, कस्टर्ड | |
| शनिवार | चावल, चपाती,उडद दाल, सब्जी, सलाद, रायता, सेंवियां | |
| रविवार | चावल, चपाती,रौंगी दाल, सब्जी, सलाद, रायता, | |
| | **रात्रि भोजन (Dinner)** | |
| सोमवार | चावल, चपाती, पीलीदाल, सब्जी, सलाद | |
| मंगलवार | चावल, चपाती,साबुत मसूरदाल, मिक्स सब्जी, सलाद | |
| बुधवार | चावल, चपाती, साबुतमूंगदाल, सब्जी, सलाद | |
| वीरवार | चावल, चपाती,अरहरदाल, मौसमी सब्जी, सलाद | |
| शुक्रवार | चावल, चपाती,मिक्सदाल, सब्जी, सलाद | |
| शनिवार | चावल, चपाती,धुली मूंगदाल, सब्जी, सलाद | |
| रविवार | चावल, चपाती,मलकादाल, सब्जी, सलाद | |

**Note: Expenditure on Bed Tea will be borne by the candidate themselves. However, Bidder has to quote rates of all aforementioned items.**

निविदादाता के हस्ताक्षर एवं स्टाम्प

प्राचार्य
Principal
एस.सी.ई.आर.टी. S.C.E.R.T. Solan (H.P.)
सोलन (हिमाचल प्रदेश)

## कार्य निष्पादन प्रमाणन हेतु प्रारूप

(जिस नियोक्ता/संस्था के लिए कार्य निष्पादित किया गया हो, प्रत्येक पृथक कार्य के लिए यह विवरण प्रदान करें)

1. अनुबंध का नाम एवं स्थान

2. अनुबंध/समझौता संख्या

3. अनुबंध का कार्य-क्षेत्र (Scope of Contract)

4. अनुबंध लागत

5. कार्य प्रारम्भ करने की तिथि

6. कार्यावधि

7. कार्य निष्पादन प्रतिवेदन
   (i) भोजन की गुणवत्ता – उत्कृष्ट / अति उत्तम / उत्तम / संतोषजनक
   (ii) संसाधन क्षमता – उत्कृष्ट / अति उत्तम / उत्तम / संतोषजनक

8. समस्त वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन – हाँ / नहीं

(संस्था की मुहर) (संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर)

दिनांक: